


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




माध्यमिक शिक्षा मंडल 1 से 20 जनवरी तक आयोजित करेगा 10वीं-12वीं की प्रायोगिक परीक्षाएं

# वैज्ञानिक प्रयोगों की कब्रगाह...टेस्ट ट्यूब की पेकिंग नहीं खुली केमिकल पर धूल, यहां एक माह बाद होगी प्रायोगिक परीक्षाएं



रायपुर- रुचि वर्मा/ भिलाई-अतुल अग्रवाल/ मैनपुर-हसन खान/ बिलासपुर- विकास चौबे/ जांजगीर-चांपा-अभिषेक शुक्ला की विशेष रिपोर्ट

हरिभूमि लाइव

वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित किए जाने के कारण माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं इस बार मार्च के स्थान पर फरवरी से शुरू की जा रही हैं। जल्द परीक्षाएं प्रारंभ करने के कारण प्रायोगिक परीक्षाएं भी इस बार जनवरी के दूसरे पखवाड़े के स्थान पर एक जनवरी से ही शुरू की जा रही है, अर्थात केवल 35 दिनों के अंतराल में 10वीं-12वीं की प्रायोगिक परीक्षाएं ▶▶|शेष पेज 6 पर

## परिणामों से पहले हरिभूमि की ग्राउंड रिपोर्ट के जरिए जानिए उन लैब का हाल, जहां होंगी ये परीक्षाएं

### मैनपुर क्षेत्र : बगैर खोले कबाड़ हो गए उपकरण

मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के सभी 12 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रयोगशाला होने का दावा विभाग द्वारा किया जाता है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर में प्रयोगशाला भवन का निर्माण 3 वर्ष पहले किया गया है। यहां प्रयोगशाला सामग्री एवं उपकरण कबाड़ में पड़े हुए हैं। ▶▶|शेष पेज 6 पर



### जांजगीर-चांपा : हम सीखकर नहीं, पढ़कर देंगे प्रेक्टिकल

यहां के शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में कहीं लैब ही मौजूद नहीं है, तो कहीं प्रेक्टिकल सामग्री नाम मात्र की उपलब्ध है। ऐसे में विज्ञान विषयों में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को प्रेक्टिकल का वास्तविक ज्ञान नहीं मिल पा रहा है और केवल औपचारिकता निभाते हुए प्रेक्टिकल पूरे कराए जा रहे हैं। जिले के अकलतरा ब्लाक अंतर्गत शासकीय हायर ▶▶|शेष पेज 6 पर

### बिलासपुर : रोज संचालित नहीं होती कक्षाएं

*जिले में 129 हायर सेकंडरी व 151 हाई स्कूल संचालित हो रहे हैं। ज्यादातर स्कूलों में लैब की कमी के कारण अध्ययन कक्ष के एक कोने में ही प्रेक्टिकल की कक्षाएं लग रही हैं। जिन स्कूलों में छात्रों की संख्या अधिक है, वहां के शिक्षकों को प्रेक्टिकल क्लास लेने में परेशानी हो रही है। कक्ष नहीं होने से लैब का सामान जमीन पर अव्यवस्थित तरीके से रख दिया गया है। इससे स्कूलों में रोजाना प्रेक्टिकल की पढ़ाई नहीं होती है।*

### व्यवस्था ठीक करेंगे

*अधिकांश स्कूलों में प्रेक्टिकल लैब की व्यवस्था है। कोशिश रही है कि विज्ञान, रसायन और भौतिकि के प्रेक्टिकल अलग कमरे में व्यवस्थित किए जाएं। जहां कहीं कमी होगी वहां इसे ठीक कराया जाएगा।*

*- विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी, बिलासपुर*











## स्व. कीर्तिनारायण द्विवेदी पंचतत्व में विलीन, बड़े पुत्र डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने दी मुखाग्नि



- विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भावभीनी विदाई देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ग्वालियर

आईएनएच एवं हरिभूमि समाचार पत्र समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पूज्य पिताश्री स्वर्गीय कीर्तिनारायण द्विवेदी का अंतिम संस्कार मंगलवार को ग्वालियर के लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम में पारंपरिक व रीति रिवाजों के साथ ससम्मान संपन्न हुआ। इस मौके पर उनके बड़े पुत्र डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने नम आंखों से मुखाग्नि दी। उन्होंने परंपरानुसार पितृ कर्तव्य ▶▶|शेष पेज 6 पर

### अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में शहरवासी हुए शामिल

*अंतिम यात्रा में शहर व आसपास से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इसमें राजनेता, जनप्रतिनिधि, सांसद, शहर के गणमान्य लोग, मीडिया से जुड़े लोग शामिल थे। पार्थिव शरीर लेकर वाहन जैसे ही मुक्तिधाम पहुंचा, पूरा वातावरण भावुक हो उठा। मुक्तिधाम में मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, भाजपा* ▶▶|शेष पेज 6 पर

### त्रयोदशी कार्यक्रम 6 दिसंबर को

स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी का त्रयोदशी कार्यक्रम 6 दिसंबर को सुबह 11 बजे ग्वालियर स्थित चैंबर्स ऑफ कॉमर्स भवन में रखा गया है। त्रयोदशी आयोजन में शांति पाठ व प्रार्थना होगी।

मोदी रहेंगे ढाई दिन, अमित शाह तीन दिन छत्तीसगढ़ में रहेंगे, आईबी ने संभाली कमान

# डीजी कान्फ्रेंस कल, रमन के बंगले में पीएम, ओपी के बंगले में रुकेंगे शाह





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 28 नवंबर से शुरु होने वाली डीजी-आईजीपी कांफ्रेस की तैयारी राज्य शासन ने पूरी कर ली है। इसके साथ ही अब पूरे आयोजन में नियंत्रण की जिम्मेदारी केंद्रीय एजेंसी आईबी के हवाले कर दी गई है। बताया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिनों के इस आयोजन के दौरान ढाई दिन यहां रहेंगे। उनके प्रवास के लिए नवा रायपुर में विधानसभाध्यक्ष डा. रमन सिंह के बंगले को तैयार कर लिया गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पूरे तीन दिन रहेंगे। वे यहां बंगला एम 11 में रुकेंगे। यहां बंगला मंत्री ओपी चौधरी का है।

छत्तीसगढ़ में पहली बार हो रही डीजी-आईजीपी कांफ्रेस राज्य के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है। खास ▶▶|शेष पेज 6 पर

## देशभर से करीब 500 अधिकारी आएंगे नवा रायपुर

### होगा योग का सत्र

कांफ्रेस के दूसरे दिन शनिवार और अंतिम दिन यानि रविवार को आईआईएम परिसर में योग सत्र का आयोजन भी किया गया है। यह कार्यक्रम सुबह 6 बजे से 6.30 बजे तक होगा। इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। यह संभावना भी है कि इस सत्र में डीजीपी व आईजी स्तर के अधिकारी भी शामिल होंगे।



### आईबी ने चप्पा-चप्पा छाना

बताया गया है कि आयोजन में मोदी शाह के शामिल होने के कारण व्यवस्था को एसपीजी के मुताबिक बनाया जा रहा है। इन दोनों को एसपीजी की सुरक्षा प्राप्त है। इधर राज्य शासन के अधिकारियों को भी सुरक्षा में लगाया गया है। सूत्रों के अनुसार आईआईएम परिसर की सुरक्षा आईजी अजय यादव के हाथों में है, वहां संतोष सिंह कैंप कमांडेंड हैं। राज्य के एडीजी स्तर के वरिष्ठ अधिकारी व्यवस्था के प्रभारी बनाए गए हैं। आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब 1500 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी लगाए गए हैं।

### तगड़ी सुरक्षा के बीच आयोजन

इस कार्यक्रम के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। यह इसलिए भी क्योंकि प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री दोनों एक साथ मौजूद रहने वाले हैं और देश भर के पुलिस प्रमुख भी होंगे। लिहाजा किसी भी तरह की असुरक्षा की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी जा रही है। इस आयोजन की तैयारी का काम राज्य शासन को सौंपा गया था। यहां के अधिकारियों ने निर्देशों के अनुरूप पूरी तैयारी कर ली है। इनके हिस्से में कांफ्रेस में शामिल होने वाले अधिकारियों के रहने और भोजन की व्यवस्था आदि के काम थे। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### गृहमंत्री अमित शाह का दौरा कार्यक्रम जारी

इस कांफ्रेस में शामिल होने आ रहे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का दौरा कार्यक्रम आधिकारिक रूप से जारी हो गया है। वे 28 नवंबर शुक्रवार को दिल्ली से रवाना होकर 1.40 बजे रायपुर एयरपोर्ट पर आएंगे। 2 बजकर 5 मिनट पर वे सड़क मार्ग से आईआईएम पहुंचेंगे। यहां कांफ्रेस में शामिल होकर शाम 6.55 बजे तक रहेंगे। इसके बाज आईआईएम परिसर में ही उनका रात्रि भोज 6.55 से रात 7.55 तक रहेगा। इसके बाद वे वहां से रवाना ▶▶|शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### श्रद्धालु ने दान किए टीटीडी को नौ करोड़

**तिरुपति।** अमेरिका स्थित एक श्रद्धालु ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम को नौ करोड़ रुपए का दान दिया। एम रामलिंगा राजू ने



पीएसी-1, पीएसी-2 और पीएसी-3 भवनों के नवीनीकरण के लिए राशि दान की। टीटीडी को एक और बड़ा दान प्राप्त हुआ। एम रामलिंगा राजू ने पीएसी-1, 2 और 3 भवनों के नवीनीकरण के लिए नौ करोड़ रुपए का दान दिया। राजू ने इससे पहले वर्ष 2012 में 16 करोड़ रुपए का दान दिया था।

### गैस टैंकर में विस्फोट, दो की मौत

**वेलमपाडु।** आंध्र प्रदेश के वेलमपाडु में बुधवार को एक टाइल फैक्टरी में एक गैस टैंकर में विस्फोट होने से दो श्रमिकों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य घायल हो गए। एलपीजी से भरे जाने वाले बड़े टैंकर में सुबह करीब 11.30 बजे उस समय विस्फोट हो गया, जब उसमें नाइट्रोजन गैस प्रवाहित करके रिसाव की जांच की जा रही थी। टैंकर में विस्फोट होने से दो श्रमिकों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। टैंकर में विस्फोट उस समय हुआ जब रिसाव की जांच के लिए नाइट्रोजन गैस प्रवाहित की जा रही थी।

### इन्फ्लुएंसर 'ओरी' मुंबई पुलिस के सामने पेश

**मुंबई।** बॉलीवुड की चर्चित हस्ती एवं इन्फ्लुएंसर ओरहान अवात्रामणि उर्फ ओरी मादक पदार्थ जब्ती मामले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुधवार को मुंबई पुलिस के सामने पेश हुए। ओरी पुलिस की मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ की घाटकोपर इकाई में अपराह्न करीब 1:30 बजे पहुंचे। उन्होंने बताया कि ओरी को इससे पहले, पिछले बृहस्पतिवार को एएनसी कार्यालय में तलब किया था लेकिन उन्होंने (ओरी) वहां उपस्थित होने के लिए और समय मांगा था। 252 करोड़ रुपए की मेफेड्रोन जब्ती मामले के मुख्य आरोपी मोहम्मद सलीम मोहम्मद सुहैल शेख से हुई पूछताछ के दौरान ओरी का नाम सामने आया था।

## बारात से लौट रही स्कॉर्पियो ट्रक से टकराई, जवान समेत पांच की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

- एनएच पर भीषण हादसा: जांजगीर के समीप ग्राम सुकली के पास हुई दुर्घटना

जिले के ग्राम सुकली के पास नेशनल हाईवे 49 पर देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। नवागढ़ से ग्राम पंतोरा बारात में शामिल होकर लौट रहे युवकों के स्कॉर्पियो और ट्रक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। भीषण दुर्घटना में स्कॉर्पियो सवार तीन लोगो की मौके पर ही मौत हो गई। वही दो लोगो ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया, जबकि तीन लोगों को गंभीर हालत में सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया है। खास



बात यह है कि मृतकों में दो युवकों में से एक सेना का जवान और एक स्पेशल आर्म्स फोर्स का जवान है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार 25 नवंबर को नवागढ़ से देवांगन परिवार की बारात पंतोरा, बलौदा गई हुई थी। शादी के बाद देर रात्रि में बारात में शामिल होकर स्कॉर्पियो में बाराती ▶▶|शेष पेज 6 पर

### एक साथ जली पांच चिताएं

*सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत के बाद जब उनका शव नगर में पहुंचा तो लोगों की भीड़ जमा हो गई और चारों तरफ घरों में चीख पुकार मच गया। सेना के जवानों का पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटा हुआ पहुंचा। इस दौरान आर्मी के साथ पुलिस के जवानों ने राजकीय सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी।*

शराब घोटाला में ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में पेश किया 63 सौ पन्नों का 6वां पूरक चालान

## निरंजन दास ने कमाए 16 करोड़, दीपेश- नितेश अतुल और अनवर ने कमाई अकूत दौलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

करोड़ों रुपए के शराब घोटाला में ईओडब्ल्यू, एसीबी की टीम ने बुधवार को स्पेशल कोर्ट में तत्कालीन आबकारी आयुक्त निरंजन दास सहित छह आरोपियों के खिलाफ 6वां पूरक चालन पेश किया। चालान 63 सौ पन्नों का है। ईओडब्लू, एसीबी की टीम शराब घोटाला में अब तक 50 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश कर चुकी है। शराब घोटाला की अगली सुनवाई आठ जनवरी को होगी। ▶▶|शेष पेज 6 पर



### उगाही की रकम को ठिकाने लगाते थे

होटल गिरीराज के मालिक नितेश पुरोहित तथा उसका बेटा यश पुरोहित शराब घोटाले की रकम को अनवर ढेबर के कहने पर ठिकाना लगाने का काम करते थे। इन दोनों पिता-पुत्र द्वारा एक ▶▶|शेष पेज 6 पर

### अवनर की रकम मैनेज करता था दीपेन

*कोर्ट में पेश पूरक चालान में उल्लेख किया गया है कि अवनर ढेबर का पुराना मित्र दीपेन चावड़ा अनवर के होटल वेलिंगटन में मैनेजर का काम संभालता था। सिंडिकेट के कहने पर दीपेन शीर्ष पदों पर बैठे लोगों तक पैसा पहुंचाने* ▶▶|शेष पेज 6 पर

स्कूल में बच्चे को लटकाने का मामला

## शिक्षा के नाम पर बच्चों के साथ क्रूरता बर्दाश्त नहीं: हाईकोर्ट




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खबर का असर

रामानुजनगर में एक प्राइवेट स्कूल में केजी-टू के छात्र (5 वर्ष) को होमवर्क नहीं करने पर टीचर ने घंटों पेड़ से लटकाए रखा। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पेरेंट्स का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में परिजनों ने स्कूल के बाहर हंगामा कर दिया। हाईकोर्ट ने भी मामले को काफी गंभीर माना है और संज्ञान लेते हुए सचिव स्कूल शिक्षा विभाग से शपथ पत्र में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 9 दिसंबर को तय की गई है। कोर्ट ने कहा है कि शिक्षा के नाम पर बच्चों के साथ क्रूरता और निजी स्कूलों में अव्यवस्था असहनीय है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। शासन को इसे गंभीरता से लेना होगा। हालांकि शिक्षा विभाग की ओर से जानकारी दी गई है कि मामले में शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया गया है और स्कूल की मान्यता समाप्त करने की नोटिस दी गई है।

दरअसल, यह मामला रामानुजनगर ब्लाक मुख्यालय क्षेत्र के नारायणपुर के हंसवानी विद्या मंदिर का है। इस स्कूल में नर्सरी से पाचवीं तक के छात्र पढ़ते हैं। जानकारी के अनुसार, सोमवार को जब स्कूल खुला तो बच्चे समय पर स्कूल पहुंचे। इसी बीच नर्सरी क्लास में जब पढ़ाई शुरू हुई तो टीचर काजल साहू ने होमवर्क चेक किया। इसी दौरान एक छात्र ने अपना होमवर्क पूरा नहीं किया था। इसपर टीचर काजल साहू बच्चे पर भड़क गई। टीचर ने बच्चे ▶▶|शेष पेज 6 पर

### शिक्षिका बर्खास्त

*स्कूल प्रबंधन घटना को मामूली बताता रहा। मामले में विवाद बढ़ने पर शिक्षा विभाग भी हरकत में आ गया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जांच की। उन्होंने मामले की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजने की बात कही है। मामले में सूरजपुर डीईओ अजय मिश्रा ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया गया है।*

### वायरल हुआ वीडियो

*इस दौरान बच्चा रोता रहा, टीचर से उसे छोड़ने के लिए कहता रहा, लेकिन उन्होंने बच्चे की बिल्कुल भी नहीं सुनी। जिस समय बच्चे को पेड़ से लटकाया गया था, उसी दौरान किसी ग्रामीण ने घटना का वीडियो बना लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में पेरेंट्स स्कूल के बाहर इकट्ठा हो गए और विरोध प्रदर्शन किया।*

## टी-शर्ट में कुत्ते के साथ आरएसएस जैसा शब्द, भाजपा खफा

**मुंबई।** कॉमेडियन कुणाल कामरा फिर एक नए मामले में घिर गए हैं। इस बार वजह बना उनका सोशल मीडिया पोस्ट, जिसमें वह ऐसी टी-शर्ट पहने दिखे जो आरएसएस पर तंज कसती दिखाई दी। जैसे ही फोटो वायरल हुई, सोशल मीडिया पर तूफान मच गया और भाजपा के नेताओं ने इसे बेहद आपत्तिजनक बताया। महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने साफ कहा कि ऐसे पोस्ट को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।



बिलासपुर
गुरुवार 27 नवंबर 2025
अगहन शुक्ल पक्ष सप्तमी
वर्ष : 25, अंक : 244
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 27.4
न्यून. 15.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



5 रोनाल्डो को मिली बड़ी राहत, दो मैचों का प्रतिबंध हटा, विश्व कप में दिखेंगे खेलते

विचार पेज
2 गुमशुदगी के बढ़ते आंकड़े चिंताजनक




# महिला और युवक के चेहरे पर पोती कालिख, जूतों की माला पहनाई, चार के खिलाफ एफआईआर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले के जनकपुर विकासखंड के बरेल गांव में अवैध संबंध के मामले में ग्रामीणों ने एक पुरुष और महिला को पकड़कर उनके चेहरे पर कालिख पोत दी। दोनों के बीच लंबे समय से अवैध संबंध होने की चर्चा गांव में थी, जिसे लेकर ग्रामीण तथा परिजन नाराज थे। इसी नाराजगी के चलते ग्रामीणों ने दोनों को सार्वजनिक तौर पर अपमानित किया।

जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले गांव की एक महिला को उसके पति ने शंका के आधार पर अपने घर से निकाल दिया, ▶▶|शेष पेज 6 पर

## जनकपुर के बरेल गांव की घटना, जांच में जुटी पुलिस

### आरोपियों पर एफआईआर

पीड़ित महिला की शिकायत के अनुसार, पति को उस पर नाजायज संबंध होने का शक था, जिसके कारण 21 नवंबर को झगड़ा हुआ और पति ने उसे घर से निकाल दिया। घर से निकाले जाने के बाद महिला उसी गांव के ओम प्रकाश पनिका के घर चली गई, जिसका कथित तौर पर उससे प्रेम प्रसंग था। महिला के इस कदम से गुस्साए ससुराल ▶▶|शेष पेज 6 पर





### 4 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर

वीडियो वायरल होते ही जनकपुर पुलिस हरकत में आई। पीड़ित महिला की शिकायत पर, जनकपुर पुलिस ने ससुराल पक्ष के चार नामजद आरोपियों,राय सिंह, गुलाब सिंह, उर्मिला सिंह और अनीता सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### देश की पहली स्वदेशी पोत यातायात प्रबंधन प्रणाली

**नई दिल्ली।** आईआईटी मद्रास के शोधकर्ताओं ने देश की पहली स्वदेशी पोत यातायात प्रबंधन प्रणाली विकसित की है और इसे बंदरगाहों में उपयोग में लाया जा रहा है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा उल्लेखित आवश्यकताओं के आधार पर आईआईटी मद्रास स्थित राष्ट्रीय बंदरगाह, जलमार्ग और तट प्रौद्योगिकी केंद्र ने इस प्रणाली को तैयार किया है।



### सबरीमला सोना मामला यूट्यूबर के खिलाफ केस

**तिरुवनंतपुरम।** आईपीएस के एक वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ सबरीमला सोना चोरी मामले में सोशल मीडिया के जरिए कथित तौर पर 'झूठे' आरोप लगाने के लिए एक यूट्यूबर पर मामला दर्ज किया गया है। म्यूजियम पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) एस. श्रीजीत की शिकायत के आधार पर मंगलवार को मामला दर्ज कर लिया।

### कमला पसंद कंपनी की मालिक की बहू ने की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली में कमला पसंद पान मसाला कंपनी के मालिक की 40 वर्षीय पुत्रवधू ने कथित तौर पर यहां अपने घर पर आत्महत्या कर ली। पान मसाला कंपनी के मालिक कमल किशोर चौरसिया की पुत्रवधू दीप्ति चौरसिया की शादी 2010 में हुई थी। महिला के पति ने उसे घर में फंदे से लटका हुआ पाया। वह उसे सफदरजंग अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



### 13.33 करोड़ रुपए का मादक पदार्थ जब्त

**आइजोल।** मिजोरम के चम्फाई जिले में भारत-म्यांमा सीमा के पास 13.33 करोड़ रुपए मूल्य की मेथामफेटामीन गोलियां जब्त की गईं। एक गुप्त सूचना के आधार पर जोखावथार में विश्व बैंक रोड पर चलाए गए अभियान में म्यांमा निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से कुल 4.44 किलोग्राम प्रतिबंधित मेथामफेटामीन गोलियां जब्त की गईं। आरोपी के पास से जब्त मादक पदार्थ को विस्तृत जांच और कानूनी कार्रवाई के लिए आबकारी एवं मादक पदार्थ विभाग को सौंप दिया गया।

## साउथ सब जोनल ब्यूरो को लगा झटका, 41 ने किया समर्पण

# नक्सलियों में भगदड़ के हालात, फिर 41 ने किया सरेंडर, 1.19 करोड़ के थे ईनामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

*देश के गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले महीने अबूझमाड़ और उत्तर बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त घोषित किया था। उस दौरान माड़ में सक्रिय 200 से ज्यादा नक्सलियों ने जगदलपुर में सरेंडर किया था। इसके बाद से नक्सलियों में भगदड़ के हालात हैं। मंगलवार को नारायणपुर 28 नक्सलियों ने हिंसा छोड़ दी थी। अब बुधवार को बीजापुर में 41 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इन पर करीब 1.19 करोड़ रुपए का ईनाम था।*

सीसी मेंबर माड़वी हिड़मा के आंध्र में हुए एक एनकाउंटर में मारे जाने के बाद बस्तर समेत पड़ोसी राज्यों में लगातार नक्सलियों का समर्पण जारी है। बुधवार को बीजापुर में 41 नक्सलियों ने एसपी जितेन्द्र कुमार यादव व अन्य अधिकारियों के समक्ष समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए, जिन पर 1 करोड़ 19 लाख रुपए का ईनाम घोषित था।

शासन द्वारा चलाए जा रहे पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन, बदलाव की नई शुरूआत और क्रूर व जनविरोधी माओवादी विचारधारा का खात्मा कर शांति की स्थापना को लेकर चलाई जा रही मुहिम के तहत साउथ सब जोनल ब्यूरो के 39 माओवादियों के अलावा डीकेएसजेडसी, तेलंगाना स्टेट कमेटी, धमतरी-गरियाबंद-नुआपाडा डिविजन के माओवादी समेत 41 ने समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हुए। इनमें 12 महिला कैडर ▶▶|शेष पेज 6 पर

हरिभूमि फॉलोअप


माड़ के 28 नक्सलियों ने हथियार छोड़े इनमें 19 महिलाएं, 89 लाख के ईनामी




डीकेएसजेडसी के अलावा तेलंगाना स्टेट कमेटी, धमतरी-गरियाबंद-नुआपाडा डिवीजन के माओवादी भी शामिल

### एक दिन पहले 28 ने किया था समर्पण

छत्तीसगढ़ में 19 महिलाओं सहित 28 सक्रिय नक्सलियों ने मंगलवार को पुलिस के सामने सरेंडर किया था। सरेंडर करने वाले इन नक्सलियों के सिर पर सरकार ने 89 लाख रुपए का ईनाम घोषित किया था। आत्मसमर्पण करने वालों में नक्सली नेता एवं कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (माओवादी) का डिविजनल कमेटी मेंबर (डीवीसी) दिनेश पांडे भी शामिल था। तीन नक्सलियों ने अपने पास रखे तीन हथियार एसएलआर, इंसास और .303 राइफल को भी सुरक्षाबलों को सौंप दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में 19 महिला नक्सली भी शामिल थे।

### 11 माह में 790 मुख्यधारा में हुए शामिल

एसपी जितेन्द्र यादव ने बताया कि बीजापुर जिले में इस साल 1 जनवरी से अब तक माओवादी घटना में शामिल 528 माओवादी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इसके अलावा 560 माओवादी मुख्यधारा में शामिल तथा अलग-अलग मुठभेड़ में कुल 144 माओवादियों को ढेर किया जा चुका है। वहीं 1 जनवरी 2024 से अब तक 790 माओवादी मुख्यधारा में शामिल हो चुके है तथा 1031 माओवादी गिरुफ्तार किए गए है, वहीं 202 माओवादी अलग अलग मुठभेड़ में मारे जा चुके है।

### समर्पित नक्सलियों में यह शामिल

समर्पित नक्सलियों में 9 पर 8-8 लाख का ईनाम घोषित था, इनमें बटालियन नम्बर एक का पीपीसीएम पण्डरू हपका उर्फ मोहन निवासी पदेडा रेगडगट्टापारा थाना गंगालूर के अलावा बण्डी हपका, लक्खू कोरसा, बदरू पुनेम, सुखराम हेमला, मंजूला हेमला उर्फ शांति, मंगली माडवी उर्फ शांति उर्फ मंगलो, जयराम कडियम तथा पाण्डो मडकम उर्फ चांदनी निवासी कोतरापाल लक्खापारा थाना जांगला बीजापुर शामिल है। इसके अलावा 5-5 लाख के ईनामी एरिया कमेटी मेंबर माटा कडियम उर्फ मंगल, जमली कडियम व जोगी मडकम उर्फ मालती शामिल है। 2-2 लाख के ईनामी नक्सलियों में छोटू ▶▶|शेष पेज 6 पर

# भारत को मिली 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी अहमदाबाद में होंगे खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत को 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी अधिकार मिल गए हैं। गुजरात के अहमदाबाद में ये खेल कराए जाएंगे। ग्लास्गो में बुधवार को हुई राष्ट्रमंडल खेल आमसभा की बैठक के दौरान भारत को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी आधिकारिक तौर पर सौंपी गई है। 2010 के बाद यह पहला अवसर है जब भारत इन खेलों की मेजबानी करेगा। 2010 में नई दिल्ली में इन खेलों का आयोजन कराया गया था। राष्ट्रमंडल खेल महासभा में 74 राष्ट्रमंडल सदस्य देशों और क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भारत की 2030 की दावेदारी का अनुमोदन किया। बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व संयुक्त सचिव (खेल) कुणाल, भारतीय ओलंपिक ▶▶|शेष पेज 6 पर




### 15 से 17 खेल होंगे शामिल

2010 में दिल्ली में हुए राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारत ने लगभग 70,000 करोड़ रुपए खर्च किये थे, जो 1600 करोड़ रुपये के प्रारंभिक अनुमान से कहीं अधिक था। चार साल में एक बार होने वाले इन खेलों में 72 देश हिस्सा लेते हैं।

### मांडविया ने बताया गौरवपूर्ण क्षण

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारत को मेजबानी मिलने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, यह एक गौरवपूर्ण क्षण है कि भारत शताब्दी राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा। भारत प्रमुख आयोजनों की मेजबानी करने में सक्षम है और 2047 तक शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में शामिल होगा।

## मोदी सरकार का बड़ा फैसला कैबिनेट ने 7,280 करोड़ की स्कीम को दी मंजूरी

# अब चीन को टक्कर देने की तैयारी, रेयर अर्थ मैग्नेट्स में आत्मनिर्भर बनेगा भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रेयर अर्थ मेटल्स के निर्यात पर रोक लगाकर चीन को लगा था कि वह दुनिया को अपनी पावर के आगे झुकने को मजबूर कर देगा। भारत चीन की दादागिरी का मुंहतोड़ जवाब देने जा रहा है। रेयर अर्थ मैग्नेट की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने 7,280 करोड़ रुपए के खर्च से एक स्कीम को मंजूरी दे दी है।

■ 2047 तक विकसित भारत के विजन की दिशा में अहम मील का पत्थर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने 'सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की स्कीम' को मंजूरी दे दी है। इस फैसले की घोषणा करते हुए, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस स्कीम से रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट की घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा, जो इलेक्ट्रिक गाड़ियों, एयरोस्पेस, इलेक्ट्रॉनिक्स, मेडिकल टेक्नोलॉजी और डिफेंस जैसे सेक्टर में जरूरी कंपोनेंट हैं।



### योजना का वित्तीय ढांचा

कुल 7,280 करोड़ रुपये की योजना में शामिल हैं। 5 साल तक आरईपीएम बिक्री पर 6,450 करोड़ रुपए का बिक्री-आधारित प्रोत्साहन, और उत्पादन संयंत्र स्थापित करने के लिए 750 करोड़ रुपए की पूंजी सहायता। योजना के तहत कुल उत्पादन क्षमता 5 कंपनियों में बांटी जाएगी। प्रत्येक लाभार्थी को अधिकतम 1,200 एमटीपीए क्षमता आवंटित की जाएगी। यह योजना कुल 7 साल चलेगी. पहले 2 साल में उत्पादन इकाइयां स्थापित की जाएंगी और इसके बाद 5 साल तक बिक्री पर प्रोत्साहन वितरित किया जाएगा।

### क्या होते हैं रेयर अर्थ मेटल्स?

- रेयर अर्थ मेटल्स वे 17 रासायनिक तत्व होते हैं, जो लैंथेनाइड्स समूह में आते हैं और बहुत ही दुर्लभ होते हैं
- दिखने में ये चांदी की तरह चमकदार और हल्के होते हैं
- इनमें समेरियम, नियोडाइमियम, यूरोपियम, लैंथेनम जैसे तत्व शामिल हैं
- इनकी खास भौतिक और चुंबकीय प्रॉपर्टीज की वजह से ये हाई-टेक तकनीकों में जरूरी हो गए हैं
- मोबाइल फोन, विंड टर्बाइन, एमआरआई मशीन, लड़ाकू विमान, इलेक्ट्रिक गाड़ियां- इन सभी में इनका इस्तेमाल होता है।

### 2030 तक मांग दोगुनी होने की संभावना

भारत में इन मैग्नेट्स की मांग तेजी से बढ़ रही है और 2025 की तुलना में 2030 तक यह दोगुनी होने की उम्मीद है। वर्तमान में भारत की जरूरतों को अधिकतर आयात से पूरा किया जाता है। इस योजना से भारत में पहली बार पूर्ण आरईपीएम उत्पादन चेन स्थापित होगी, जिससे रोजगार सृजन होगा, विदेशी निर्भरता कम होगी, घरेलू उद्योग मजबूत होंगे और देश की नेट जीरो 2070 प्रतिबद्धता को भी समर्थन मिलेगा।

## बास्केटबॉल कोर्ट में बड़ा हादसा

# प्रैक्टिस के दौरान शरीर पर गिरा पोल, प्लेयर की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के रोहतक और बहादुरगढ़ में बास्केटबॉल कोर्ट में हुई दो अलग-अलग घटनाओं में बास्केटबॉल 'हूप' का लोहे का खंभा गिरने से राष्ट्रीय स्तर के एक खिलाड़ी और एक अन्य किशोर की मौत हो गई। रोहतक में राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल खिलाड़ी हार्दिक राठी (16) की कोर्ट में अभ्यास के दौरान छाती पर बॉस्केटबॉल हूप का लोहे का खंभा गिर जाने से मौत हो गई।

### स्कूल परिसर में हादसा

बहादुरगढ़ में अमन एक सरकारी विद्यालय के परिसर में बास्केटबॉल कोर्ट में अभ्यास के लिए गया था। तभी हादसा हो गया।

## भारत माता पब्लिक स्कूल में कर रहे थे पढ़ाई

# सड़क दुर्घटना में दो मासूम छात्रों की मौत, ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरिया

बुधवार सुबह 9 बजे अटल चौक में हृदय विदारक सड़क दुर्घटना में दो मासूम छात्रों की मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग किया। अटल चौक में चक्का जाम आंदोलन के बाद पुलिस टीम हरकत में आई और वाहन चालक को पहले से ही गिरफ्तार किया हुआ था, लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी को बचाने वाले को भी गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े रहे। अंततः आरोपी को सहयोग करने वाले के खिलाफ मामला दर्ज ▶▶|शेष पेज 6 पर



### वाहन चालक गिरफ्तार

सड़क दुर्घटना में दो मासूम छात्रों की मौत होने के मामले में वाहन चालक को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों के मांग पर एक अन्य की गिरफ्तारी पर भी ग्रामीणों ने रिपोर्ट किया है इस पर भी कार्रवाई की जा रही है।
**-निमिषा पांडे,** एडिशनल एसपी

## संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट का हवाला देकर उगला 'जहर'

# राम मंदिर पर फहराया ध्वज तो पाक को लगी मिर्ची

**नई दिल्ली।** खुद दाने-दाने का मोहताज पाकिस्तान को भारत के हर मसले में घुसने की आदत है। यहां भारत में कुछ भी होता है तो उससे पाकिस्तान को मिर्ची लगना स्वाभाविक है। अब 25 नवंबर को जब राम मंदिर के शिखर पर भगवा धर्म-ध्वज की स्थापना हुई तो इस पर भी पड़ोसी मुल्क बिलबिला उठा है। उसने भारत में बढ़ते इस्लामोफोबिया और विरासत के अपमान की बात कही। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र की एक कथित रिपोर्ट का हवाला देकर भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला है। उसने भारत पर जम्मू और कश्मीर में मानवाधिकार का हनन करने का आरोप लगाया।

### बाबरी मस्जिद का मुद्दा फिर उछाला

इतना ही नहीं, खुद अल्पसंख्यकों के अधिकारों का लगातार हनन करने वाला देश अब भारत को ज्ञान देने चला है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने 'राम मंदिर' पर झंडा फहराने पर गहरी चिंता जता रहा है।



### अल्पसंख्यकों के मुद्दे पर देने चला ज्ञान

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इसे अल्पसंख्यकों के लिए भारतीय सरकार के भेदभाव वाला रवैया बताया और आगे कहा कि यह भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर दबाव के एक बड़े पैटर्न और बहुसंख्यक हिंदुत्व सोच के असर में मुस्लिम सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को खत्म करने की जानबूझकर की गई कोशिशों को दिखाता है।

### भारत की दो टूक, पाक अपनी हरकतों को सुधारे

भारत ने पाकिस्तान को दो टूक जवाब देते हुए कहा कि वह हमें पाखंडी उपदेश न दे और अपनी हरकतों को सुधार लें। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अयोध्या राम मंदिर में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ध्वजारोहण पर पाकिस्तान की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, हमने कथित टिप्पणियों को देखा है और उन्हें पूरी तरह से खारिज करते हैं। कट्टरता, दमन और अल्पसंख्यकों के साथ व्यवस्थित दुर्व्यवहार के गहरे दागदार रिकॉर्ड वाले देश के रूप में पाकिस्तान के पास दूसरों को उपदेश देने का कोई नैतिक आधार नहीं है। पाखंडी उपदेश देने के बजाय पाकिस्तान को अपने भीतर झांककर अपने मानवाधिकारों के बेहद खराब रिकॉर्ड पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

# भारत के इस किले में छिपा है अरबों का खजाना! आज तक कोई नहीं खोज पाया



नई दिल्ली। भारत में कई ऐसे किले हैं, जो किसी न किसी खास वजहों से बेहद मशहूर हैं। एक ऐसा ही किला हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले में स्थित है, जो काफी रहस्यमयी है। कहा जाता है कि इस किले में किसी अज्ञात जगह पर अरबों का खजाना छिपाकर रखा है, जिसे आज तक खोजा नहीं जा सका है। इस किले को सुजानपुर के किले के नाम से जाना जाता है। किले में छिपे खजाने की वजह से ही इसे हमीरपुर का 'खजांची किला' भी कहा जाता है। इस किले को कटोच वंश के राजा अभय चंद ने 265 साल पहले यानी साल 1758 में बनवाया था। उसके बाद यहां राजा संसार चंद ने राज किया।

### पांच किलोमीटर लम्बी सुरंग

कहा जाता है कि इस किले में आज भी राजा संसार चंद का खजाना मौजूद है, लेकिन इस खजाने के रहस्य से न तो आज तक पर्दा उठ पाया है और न ही कोई खजाने तक पहुंच पाया है। माना जाता है कि किले के अंदर ही एक पांच किलोमीटर लंबी सुरंग है, लेकिन इस सुरंग के अंतिम छोर तक कोई भी नहीं पहुंच पाया है। रास्ता तंग और अंधेरा होने की वजह से इस सुरंग में 100 मीटर से ज्यादा अंदर जाने की कोई हिम्मत भी नहीं कर पाता है।

### राजा संसार चंद के मरने के साथ ही दफ्न हो गया खजाने का रहस्य

यहां छिपे खजाने की खोज में मुगलों समेत कई राजा-महाराजा और ग्रामीण किले में कई बार खुदाई कर चुके हैं। यहां तक की कुछ लोग रहस्यमयी सुरंग में भी जाने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन सबको अभी तक नाकामी ही हाथ लगी है। कहा जाता है कि खजाने का रहस्य राजा संसार चंद के मरने के साथ ही दफ्न हो गया। यहां तक कि उनके परिवार के किसी भी सदस्य को भी वो खजाना नहीं मिल पाया।



### रात में किले से आती हैं अजीब-अजीब आवाजें

सुजानपुर किले के आसपास रहने वाले ग्रामीणों का कहना है कि रात में किले से अजीब-अजीब आवाजें आती हैं। उनका मानना है कि खजाने की रक्षा किले में मौजूद रूहानी ताकतें करती हैं। हालांकि, इसका कोई पुख्ता सबूत किसी के पास नहीं है। कहा जाता है कि राजा संसार चंद इस किले का इस्तेमाल लूटे हुए खजाने को छिपाने के लिए करते थे। इसके लिए उन्होंने किले में एक गुप्त सुरंग का निर्माण करवाया था, जिसका रास्ता सीधे खजाने तक जाकर खुलता था।



## रोचक खबरें

### पुरुष ने जीता दुनिया की सबसे ताकतवर महिला का खिताब



**न्यूयार्क।** विश्व की सबसे ताकतवर महिला प्रतियोगिता को लेकर जमकर बवाल मचा है। टेक्सास के अर्लिंग्टन में आयोजित विश्व की सबसे ताकतवर महिला प्रतियोगिता में जैमी बुकर ने जीत हासिल की। हालांकि, खिताब मिलने के कुछ देर बाद ही आयोजकों ने उनसे ये ताज छीन लिया है। इसके पीछे की वजह जानकर आपको 440 वोल्ट का झटका लग सकता है। दरअसल, जैमी बुकर एक जैविक पुरुष हैं और प्रतिस्पर्धा कर रही महिलाओं पर उनकी शारीरिक क्षमता काफी ज्यादा है। इस अमेरिकी को स्ट्रॉन्गमैन गेम्स विश्व चैंपियनशिप 2025 में जीत के कुछ ही दिनों बाद अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जो सप्ताहांत में टेक्सास के अर्लिंग्टन में आयोजित की गई थी। आयोजकों ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट जारी कर कहा, 'ऐसा प्रतीत होता है कि एक एथलीट जो जैविक रूप से पुरुष है और अब खुद को महिला बता रहा है, उसने महिला ओपन वर्ग में भाग लिया। अधिकारियों को प्रतियोगिता से पहले इस तथ्य की जानकारी नहीं थी, और उन्होंने तत्काल जांच शुरू कर दी है। आयोजकों ने आगे कहा कि अगर उन्हें पता होता कि बुकर पुरुष हैं, तो उन्हें कभी भी प्रतिस्पर्धा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाती। हम स्पष्ट हैं - प्रतियोगी केवल जन्म के समय दर्ज किए गए जैविक लिंग की श्रेणी में ही प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं।' आयोजकों ने यह भी कहा कि वे उन सभी लोगों की ओर से निराश हैं, जिन्होंने प्रतियोगिता में निष्पक्षता से भाग लिया और उनके प्रयासों से ध्यान हटा दिया गया।

### सुपरहीरो बनने के चक्कर में लगा लिया ऐसा पेंट, अब नहीं छूट रहा रंग



**लंदन।** कभी-कभी किसी पार्टी में मजा लेने के चक्कर में हम ऐसी गलती कर बैठते हैं कि बाद में खुद ही समझ नहीं आता...हंसे या रोएं। ऐसा ही कुछ हुआ एक ब्रिटिश पर्यटक केन के साथ, जो सुपरहीरो हल्क जैसा दिखने के चक्कर में ऐसी मुश्किल में फंस गया कि उसकी कहानी पढ़कर आपकी भी हंसी छूट जाएगी। सोचिए...आप पार्टी में हल्क बनकर एंट्री मारें, लोग वाह-वाही करें और फिर तीन दिन बाद भी आप वहीं हरा रंग चढ़ाए घूमने को मजबूर हो जाए? दरअसल, हल्क की तरह दिखने के चक्कर बंदे ने पूरे शरीर को हरे रंग से रंग लिया। अब नौबत ये है कि चाह कर भी वो हरा साफ होने का नाम नहीं ले रहा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, केन बेनिडोर्म के एक रिसॉर्ट में पार्टी करने पहुंचे थे। सोच लिया कि इस बार हल्क बनकर इम्प्रेशन जमाना है, लेकिन असली गलतफहमी यहीं हुई। उन्होंने मेकअप पेंट की जगह गलती से टेक्सटाइल पेंट यानी कपड़ों वाला रंग चुन लिया। यह वही पेंट होता है जो कपड़ों पर चढ़ता है और धुलकर भी आसानी से उतरता नहीं। हैरानी की बात तो ये है कि, केन ने इसे छह परतों में पूरे शरीर पर लगा लिया...चेहरे से लेकर पैर तक। पार्टी खत्म हुई, सबने खूब तारीफ की...रात मजेदार रही, लेकिन समस्या अगली सुबह शुरू हुई। केन ने पेंट हटाने की कोशिश की। एक बार नहाए..दूसरी बार नहाए..छह बार नहाने के बाद भी नतीजा, शरीर हरा ही रहा। दोस्तों ने सलाह दी कि, स्टीम रूम में बैठो। केन तीन दिन तक कई घंटों तक स्टीम बाथ में बैठे रहे, पर पेंट जिद्दी निकला। गर्दन, सिर और शरीर के हिस्सों पर अभी भी चटक हरा रंग चमकता रहा।




# 8000 फीट की ऊंचाई पर बसा है वीरान शहर, सैकड़ों वर्षों से है रहस्य

दुनिया में कई ऐसी रहस्यमयी जगहें हैं, जो लोगों को हैरान करती हैं। क्या आपने किसी ऐसे शहर के बारे में सुना है, जो एक-दो नहीं बल्कि 8000 फीट की ऊंचाई पर बसा हो? अब आप कहेंगे कि यह तो अजूबा है। तो हम आपको बता दें कि ये शहर दुनिया के सात अजूबों में से एक है, जो करीब 450 साल से वीरान पड़ा हुआ है।

**वॉशिंगटन।** इस जगह से जुड़े ऐसे कई रहस्य हैं, जिनका जवाब किसी के पास नहीं है। यही वजह है कि इस जगह को 'रहस्यमयी शहर' भी कहा जाता है। इस शहर का नाम है माचू पिच्चू, जो दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में स्थित है। यह इंका सभ्यता से संबंधित एक ऐतिहासिक स्थल है। यह शहर समुद्र तल से 2430 मीटर यानी करीब 8,000 फीट की ऊंचाई पर उरुबाम्बा घाटी के ऊपर एक पहाड़ पर स्थित है। माचू पिच्चू दुनिया के सात आश्चर्यों में से एक है।

### एलियंस ने बनाया था माचू पिच्चू

इस जगह को लेकर एक और हैरान करने वाली मान्यता है। कुछ लोग मानते हैं कि माचू पिच्चू को इंसानों ने नहीं, बल्कि एलियंस ने बनाया था, लेकिन बाद में वो इस शहर को छोड़कर चले गए। अब सच क्या है, ये तो किसी को नहीं पता, लेकिन इस जगह से जुड़ी ये मान्यताएं हैरान जरूर करती हैं।



पेरू का ऐतिहासिक देवालय

माचू पिच्चू को अक्सर 'इंकाओं का खोया हुआ शहर' भी कहा जाता है। यह इंका साम्राज्य के सबसे परिचित प्रतीकों में से एक है। इसे पेरू का एक ऐतिहासिक देवालय भी कहा जाता है। इसलिए, इसे एक पवित्र स्थान माना जाता है। साल 1983 में इसे यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल का दर्जा दिया गया है। वैसे तो स्थानीय लोग माचू पिच्चू के बारे में बहुत पहले से जानते थे, लेकिन इसे दुनिया के सामने लाने का श्रेय अमेरिकी इतिहासकार हीरम बिंघम को दिया जाता है। उन्होंने साल 1911 में इस जगह की खोज की थी। तब से यह जगह दुनियाभर के लिए एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल बन गई है। बड़ी संख्या में लोग माचू पिच्चू को देखने के लिए आते हैं और इसके इतिहास और रहस्यों को समझने की कोशिश करते हैं। माना जाता है कि 1450 ईस्वी के आसपास इंकाओं ने इसका निर्माण किया था, लेकिन इसके लगभग सौ साल बाद ही जब स्पेनियों ने इंकाओं पर जीत हासिल कर ली तो वो इस जगह को हमेशा-हमेशा के लिए छोड़कर चले गए। तब से लेकर आज तक यह शहर वीरान ही पड़ा है। अब तो यहां बस खंडहर की बचे हैं।

### इंसानों की बलि देने के लिए किया जाता था इस्तेमाल

माचू पिच्चू शहर का निर्माण क्यों कराया गया था, यह अब तक एक रहस्य ही है। कहा जाता है कि इस जगह का इस्तेमाल इंसानों की बलि देने के लिए किया जाता था और उन्हें यहीं पर दफना दिया जाता था। पुरातत्वविदों को यहां से कई कंकाल मिले हैं, लेकिन सबसे हैरानी की बात ये है कि इनमें से अधिकतर कंकाल महिलाओं के हैं। इसको लेकर कहा जाता है कि इंका सूर्य देव को अपना भगवान मानते थे और उन्हें खुश करने के लिए कुंवारी स्त्रियों की बलि देते एलियंस ने बनाया था थे। हालांकि ,बाद में पुरुषों के भी कंकाल मिलने के बाद इस तथ्य को नकार दिया गया था।

## एक किडनी बेच देते हैं लोग इसलिए गांव का नाम पड़ गया किडनी वैली



**काठमांडू।** दुनिया में ऐसी कई जगहें हैं, जो अपने अनोखेपन की वजह से बेहद मशहूर हैं। इसी वजह से उनकी चर्चा देश दुनिया में हर तरफ होती है। इसी कड़ी में आज हम आपको बताएंगे, दुनिया के सबसे अनोखे गांव के बारे में जहां ज्यादातर लोग एक ही किडनी के सहारे जिंदा हैं। इस गांव का नाम किडनी वैली है। कई लोग इसे किडनी वाले गांव के नाम से भी जानते हैं। हालांकि, गांव का वास्तविक नाम होकसे है। ये नेपाल में स्थित है। अपनी इसी विचित्रता के कारण ये गांव देश दुनिया में काफी मशहूर है।

यहां के लगभग सभी लोग अपना गुजारा मात्र एक किडनी के सहारे कर रहे हैं। इस कारण अक्सर उनको कई गंभीर स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें भी आती हैं। आप में से कई लोग ये सोच रहे होंगे कि आखिर गांव के सभी लोगों के पास एक ही किडनी क्यों है? किडनी वैली नाम से मशहूर होकसे गांव में गरीबी काफी ज्यादा है। यही एक बड़ी वजह है, जिसके चलते यहां के लोग अपनी एक किडनी को बेचकर जीवन यापन करने पर मजबूर हैं। अपना पेट पालने के लिए यहां के लोग अक्सर अपनी एक किडनी को मात्र 2000 रुपए में बेच देते हैं। कई लोगों का कहना है कि इस गांव में मानव अंगों की तस्करी काफी ज्यादा होती है। यहां पर अंगों की तस्करी करने वाले लोग अक्सर यहां के मासूम लोगों को झांसा देकर उनकी किडनी निकाल लेते हैं। कई लोगों का कहना है कि अंगों की तस्करी करने वाले लोग यहां के लोगों को लालच देते हुए कहते हैं कि किडनी निकालने के बाद उसकी जगह दूसरी किडनी उग आएगी। गांव के मासूम लोग उनकी बातों में फंस जाते हैं और चंद रुपयों के लालच में अपना बहुमूल्य अंग उन तस्करों को दे देते हैं।

## गर्म पानी के फव्वारे और ठंडी मीथेन गैस साथ उगल रहा करामबुसेल वेंट फील्ड

**पोर्ट मोरेस्बी।** पापुआ न्यू गिनी के पास समुद्र की 4,250 फीट गहराई में वैज्ञानिकों ने ऐसी जगह खोजी है। यहां पर गर्म हाइड्रोथर्मल वेंट्स और ठंडी मीथेन गैस बाहर निकल रही है। यह दुनिया में पहली बार देखा गया है और यहां मौजूद अनोखे जीव वैज्ञानिकों के लिए बड़ा रहस्य बन चुके हैं। वैज्ञानिकों ने एक ऐसी दुर्लभ जगह खोजी है, जहां गर्म खनिजों से भरे पानी और ठंडी गैसें एक साथ निकल रही हैं। इस जगह को करामबुसेल वेंट फील्ड नाम दिया गया है। यहां नई प्रजातियां मिलने की पूरी संभावनाएं जताई जा रही हैं। साथ ही खनन और ह्युमन एक्टिविटीज के कारण यह पूरा क्षेत्र खतरे में है।


### चौंकाने वाली खोज

पापुआ न्यू गिनी के तट से दूर लगभग 4,250 फीट गहराई में वैज्ञानिकों को समुद्र के नीचे एक बेहद अनोखी जगह मिली है। बता दे कि यहां पर गर्म हाइड्रोथर्मल वेंट्स और ठंडी मीथेन गैस निकलते खोज की गई हैं। रिसर्चर्स बताते हैं कि ऐसा दुनिया में पहले कभी नहीं देखा गया है।



### अनोखा 'हाइब्रिड इकोसिस्टम'

इस खोज का सबसे खास हिस्सा यहां की समुद्री जिंदगी है। गर्म और ठंडे वेंट्स के मिलने से एक ऐसा 'हाइब्रिड इकोसिस्टम' बन गया है, जिसकी पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी. कुछ जगहों पर चट्टानें इस कदर जीवों से भरी हैं कि पत्थर तक नहीं दिखते हैं। यहां पर पाई गई समुद्री मसल्स, झींगे, ट्यूब वर्म और बैंगनी रंग के सी-कुकंबर जैसे जीव की प्रजातियां दुर्लभ हैं। बता दें कि करामबुसेल वेंट फील्ड की खासियत सिर्फ यहां के जीव नहीं, बल्कि इसकी भूवैज्ञानिक संरचना है।






## मां की लाश तीन साल तक छिपाकर पेंशन लूटता रहा बेटा

**रोम।** इटली में सामने आया ये किस्सा इतना अजीब, इतना चौंकाने वाला है कि लोग इसे पढ़कर दंग रह गए। दरअसल, हुआ यह कि एक शख्स की मां तीन साल पहले ही गुजर चुकी थी, लेकिन बेटे ने न तो लोगों को बताया, न कोई अंतिम संस्कार किया। उसने अपनी मरी हुई मां को घर में ही ममी बनाकर संभालकर रखा हुआ था ताकि किसी को पता न चले कि उसकी मां अब इस दुनिया में नहीं रही। मतलब तीन साल तक उसकी मां का शरीर घर के एक कमरे में रखा रहा और कोई भनक भी नहीं लगी।



### मां की पेंशन के लिए बेटे ने बनाया प्लान

मां की पेंशन और उसकी संपत्ति से होने वाली कमाई लगभग 61 हजार डॉलर सालाना थी। यही रकम पाने के लिए बेटे ने ऐसा पागलपन भरा प्लान बनाया कि किसी का भी माथा हिल जाए। वो मां के कपड़े पहनकर, मेकअप कर के और यहां तक कि अपनी आवाज बदलकर सरकारी दफ्तर पहुंच जाता था। लोगों को लगे कि वही बूढ़ी महिला अभी भी जिंदा है, उसने अपनी मां का पहचान पत्र तक दोबारा बनवा लिया था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com